आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 26.05.2026
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- गढ़वाल मंडल आयुक्त आनंद स्वरूप ने पौड़ी में विभागीय कार्यों के प्रभावी संचालन को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की।
- प्रदेश में चारधाम यात्रा सुचारू रूप से जारी। शासन–प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए।
- कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में हाथियों की गणना शुरू। पांच दिनों तक 72 बीटों में चलाया जा रहा विशेष अभियान।
- पिथौरागढ़ जिले में कैलाश और ओम पर्वत यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए अब इनर लाइन परमिट की सुविधा धारचूला के साथ ही जिला अस्पताल में भी शुरू की गई।

## गढ़वाल आयुक्त

गढ़वाल मंडल के आयुक्त आनंद स्वरूप की अध्यक्षता में आज पौड़ी में प्रशासनिक समन्वय और विभागीय कार्यों के प्रभावी संचालन को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंडल और जिला स्तर के अधिकारियों के साथ विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली, विकास योजनाओं की प्रगति, जनहित से जुड़े मुद्दों और विभागीय समन्वय व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की गई। आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप योजनाओं का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को योजनाओं का लाभ प्रभावी रूप से प्राप्त हो सके। उन्होंने कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने, वनाग्नि रोकथाम, आपदा प्रबंधन तैयारियों और आधारभूत सुविधाओं से जुड़े कार्यों में विभागीय तालमेल बनाए रखने पर भी विशेष जोर दिया।

## चारधाम यात्रा

प्रदेश में चारधाम यात्रा सुचारू रूप से चल रही है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु धामों में पहुंच रहे हैं। शासन–प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं। प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग और विभिन्न एजेंसियां मिलकर यात्रा को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने में जुटी हैं। वहीं, केदारनाथ यात्रा इस वर्ष नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। कपाट खुलने के बाद से अभी तक धाम में 8 लाख 72 हजार से अधिक श्रद्धालु बाबा केदार के दर्शन कर चुके हैं। यात्रा मार्ग से लेकर केदारनाथ धाम तक श्रद्धालुओं के लिए रहने, भोजन, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं की बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। इसके साथ ही यात्रा मार्ग और धाम में स्वास्थ्य सेवाओं को भी मजबूत किया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। वहीं, यात्रा व्यवस्थाओं को लेकर श्रद्धालु सरकार की सराहना कर रहे हैं। मुंबई से पहुंचे श्रद्धालु हर्षित ने भी यात्रा व्यवस्थाओं की सराहना की।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान की पुस्तक ''अपनापन– नरेंद्र मोदी संग मेरे अनुभव'' के विमोचन समारोह में शामिल हुए। इस पुस्तक में केंद्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ विभिन्न भूमिकाओं में प्राप्त अनुभवों का सजीव वर्णन किया है। पुस्तक में नेतृत्व, सेवा, सुशासन वराष्ट्र–निर्माण से जुड़े महत्वपूर्ण विचारों को सरल और प्रभावी रूप में प्रस्तुत किया गया है। श्री धामी ने पुस्तक के प्रकाशन पर केंद्रीय मंत्री को शुभकामनाएं दीं तथा इसे समाज के लिए प्रेरणादायी बताया।

## हाथी गणना

नैनीताल जिले के रामनगर स्थित कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में हाथियों की गणना का विशेष अभियान आज से शुरू हो गया है। पांच दिनों तक चलने वाले इस अभियान के तहत रिजर्व की सभी 72 बीटों में हाथियों की संख्या और उनकी गतिविधियों का आकलन किया जाएगा। प्रत्येक रेंज में अलग–अलग टीमें गठित की गई हैं। अभियान में 150 से अधिक वनकर्मी और विशेषज्ञ लगाए गए हैं। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक डॉ. साकेत बडोला ने बताया कि विभिन्न वन क्षेत्रों में तैनात वनकर्मी प्रतिदिन करीब तीन किलोमीटर पैदल गश्त करेंगे और मोबाइल आधारित पेट्रोलिंग एप के माध्यम से हाथियों की लोकेशन और गतिविधियों को रिकॉर्ड करेंगे। यह सर्वे लगभग पांच हजार वर्ग हेक्टेयर वन क्षेत्र में किया जा रहा है। इसके माध्यम से कॉर्बेट क्षेत्र में हाथियों की वर्तमान स्थिति और उनके प्राकृतिक आवास की जानकारी प्राप्त की जाएगी। डॉ. बडोला ने कहा कि समय–समय पर होने वाली गणना से मानव–वन्यजीव संघर्ष को कम करने और वन्यजीव प्रबंधन की रणनीति तैयार करने में भी सहायता मिलती है।

## इनर लाइन परमिट

पिथौरागढ़ जिला प्रशासन ने आदि कैलाश और ओम पर्वत यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बड़ी राहत दी है। अब इनर लाइन परमिट की सुविधा धारचूला के साथ ही जिला मुख्यालय स्थित जिला अस्पताल में भी शुरू कर दी गई है। इससे पहले इनर लाइन परमिट के केवल धारचूला तहसील से जारी होता था, जहां यात्रियों को लंबी प्रतीक्षा और औपचारिकताओं में काफी समय लगता था। जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने बताया कि यात्रियों और स्थानीय लोगों की लगातार मांग को देखते हुए जिला मुख्यालय में भी इनर लाइन परमिट बनाने की प्रक्रिया शुरू की गई है।
वहीं, जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. डी.पी सिंह के अनुसार प्रशासन के निर्देश पर अस्पताल में एकल खिड़की प्रणाली लागू की गई है। इसके तहत यात्रियों की स्वास्थ्य जांच, पुलिस सत्यापन और अन्य जरूरी औपचारिकताएं एक ही स्थान पर पूरी कर परमिट जारी किए जा रहे हैं।

## पुनर्निर्माण कार्य

चमोली जिले में आपदा से प्रभावित ज्योर्तिमठ में प्रशासन द्वारा पुनर्निर्माण और सुरक्षा कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। जिलाधिकारी गौरव कुमार ने बताया कि ज्योर्तिमठ आपदा से प्रभावित नगर में पुनर्निर्माण और भू–धंसाव सुरक्षा कार्य तेजी से कराए जा रहे हैं, ताकि लोगों को बरसात में कोई परेशानी न हो। सिंचाई विभाग द्वारा अलकनंदा नदी में सुरक्षा दीवार निर्माण कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी यात्रा सीजन में हेलंग– मारवाड़ी बाईपास भी बनकर तैयार हो जाएगा।
वहीं, कार्यों को लेकर क्षेत्र के लोगों में खुशी है। स्थानीय निवासी अमर सिंह चौहान ने जिला प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि नगर में हो रहे पुनर्निर्माण और सुरक्षा कार्य ज्योर्तिमठ को मजबूती प्रदान करेगा।